श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–29.04.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे मोईनुल हक स्टेडियम के ससमय निर्माण कार्य की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग।
2. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल विभाग।
3. श्री नीरज सिंह, वरीय महाप्रबंधक, बी0सी0ए0, पटना।

कार्यवाही

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

श्री नीरज सिंह, वरीय महाप्रबंधक, बी0सी0ए0 द्वारा बताया गया कि मोईनुल हक स्टेडियम परिसर में पुराने अवसंरचना को तोड़ने (ध्वस्तीकरण) का कार्य अभी पिछले एक सप्ताह से बंद है। रिक्त जगह नहीं होने के कारण मशीनें तथा कर्मी खाली बैठे हैं।

उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कदमकुऑं थाना तथा उनके द्वारा जब्त सामग्री, साईं परिसर तथा दक्षिण–पश्चिम तरफ के गैलरी में थाना कर्मियों का आवासन होने के कारण ध्वस्तीकरण का कार्य पूर्ण रूप से बाधित है।

उपर्युक्त समस्याओं के कारण नियुक्त संवेदक द्वारा क्षतिपूर्ति का दावा किया जा रहा है। पश्चिमी परिसर में विभाग का बहुत सारा सामान भू–तल तथा प्रथम–तल पर स्थित कमरों में रखा हुआ है, जो अभी तक खाली नहीं हुआ है। उनके द्वारा अविलम्ब समस्याओं का निराकरण करने का अनुरोध किया गया।

उपर्युक्त के संबंध में संयुक्त सचिव, खेल विभाग द्वारा पूर्व में संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभाग को भेजे गये पत्र के प्रसंग में पुनः स्मारित करने का निदेश दिया गया।

29.4.26

अगली बैठक **दिनांक 06.05.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे** में आहूत की जायेगी।

धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

30/04/26

(निरंजन कुमार)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक – 1/स्था०–05–06/2024 1652 /   पटना, दिनांक– 30.4./2026

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान अप्त सचिव/निदेशक, खेल विभाग के आशुलिपिक/संयुक्त सचिव, खेल विभाग के आशुलिपिक/ जिला पदाधिकारी, पटना/पुलिस महानिरीक्षक, पटना/सी0ई0ओ, बी0सी0ए0, पटना/ विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग/अवर सचिव, खेल विभाग (प्रभारी प्रशाखा–05)/ सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा), खेल निदेशालय/श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन/सोमेश्वर राव, प्रभारी, साई, पटना/ आई0 टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/04/26
संयुक्त सचिव।